दिन— शनिवार दिनांक— 18 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधि— 15 मिनट

---

01. छह नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच का काम पूरा। मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र से लोजपा, रामविलास की प्रत्याशी सीमा सिंह का नामांकन रद्द।

02 भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा — अंतर्कलह के कारण महागठबंधन में अब तक नहीं हो सका है सीटों का बंटवारा।

03. दस विधानसभा क्षेत्रों में महागठबंधन के घटक दल एक—दूसरे के खिलाफ चुनाव मैदान में।

04 झारखंड मुक्ति मोर्चा, जेएमएम महागठबंधन से हुआ अलग। छह सीटों पर उम्मीदवार खड़े करने का किया फैसला।

05. और, कांग्रेस में टिकट बंटवारे से नाराज नेताओं ने पार्टी प्रभारी कृष्णा अल्लावरू और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम पर टिकट बेचने का लगाया आरोप।

---

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज नामांकन पत्रों की जांच का काम पूरा कर लिया गया। सारण जिले के मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र से लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास की प्रत्याशी सीमा सिंह का नामांकन रद्द कर दिया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि तीन अन्य उम्मीदवारों बसपा के आदित्य कुमार, निर्दलीय अल्ताफ आलम राजू और विशाल कुमार के नामांकन रद्द किये गये हैं। इधर, हमारी सहरसा संवाददाता ने बताया कि जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों से कुल तिरेपन उम्मीदवारों के पर्चे सही पाये गये हैं। शेखपुरा विधानसभा क्षेत्र से नौ उम्मीदवारों के पर्चे रद्द किये गये। पहले चरण में अठारह जिलों की एक सौ इक्कीस विधानसभा सीटों के लिए एक हजार छह सौ अंठानवे नामांकन पर्चे भरे गए हैं। बीस अक्टूबर तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकते हैं। इस चरण के लिए छह नवंबर को मतदान होगा।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अंतर्कलह के कारण महागठबंधन में अब तक सीटों का बंटवारा नहीं हो सका है। आज पटना में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि एनडीए में किसी प्रकार का कोई मतभेद नहीं है।

———बाइट———

श्री शाह ने कहा कि पिछले बीस वर्षों में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने विकसित बिहार की नींव रखी और अब राज्य को विकसित बनाने की बारी है।

———बाइट———

---

महागठबंधन में सीटों का बंटवारा नहीं होने के कारण घटक दलों के उम्मीदवार एक दूसरे के खिलाफ चुनाव मैदान में हैं। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

दस विधानसभा क्षेत्रों में महागठबंधन के उम्मीदवारों ने एक दूसरे के खिलाफ नामांकन पत्र भरा है। राजद ने कांग्रेस के खिलाफ वैशाली, तारापुर, लालगंज, कहलगांव और वारिसलीगंज में उम्मीदवार खड़ा किया है। इसी तरह विकासशील इंसान पार्टी और राजद के बीच तालमेल नहीं होने के कारण तारापुर और गौड़ाबौराम विधानसभा क्षेत्रों में दोनों पार्टियों के उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। बछवाड़ा, राजापाकड़ और रोसड़ा में सीपीआई और कांग्रेस के प्रत्याशियों ने एक दूसरे के खिलाफ मोर्चा संभाल लिया है। राजनीतिक विश्लेषकों ने घटक दलों के रवैये के कारण महागठबंधन को विधानसभा चुनाव में नुकसान होने की संभावना व्यक्त की है। समाचार कक्ष से अभिषेक दास।

इस बीच, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने राजद की ओर से कुटुंबा सीट पर प्रत्याशी उतारने के फैसले पर गहरी नाराजगी जताई है। श्री राम ने कहा कि वे पीछे नहीं हटेंगे, लड़ाई सीधी होगी।

———बाइट———

इस बीच, राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने दावा किया कि महागठबंधन पूरी एकजुटता के साथ चुनाव लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार बिहार के लोगों ने पूरी तरह बदलाव का मन बना लिया है।

———बाइट———

इधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और चुनाव पर्यवेक्षक भूपेश बघेल ने भाजपा पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री बघेल ने कहा कि भाजपा का एक मात्र उद्देश्य किसी तरह वोट हासिल करना है।

———बाइट———

महागठबंधन में सीटों को लेकर जारी विवाद के बीच कांग्रेस के नाराज नेताओं ने आज पटना में बैठक की। इस बैठक में खगड़िया के वर्तमान विधायक छत्रपति यादव, वरिष्ठ नेता गजानंद शाही, यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नागेन्द्र पासवान और बांका

की जिलाध्यक्ष कंचना कुमारी सिंह समेत अन्य नेता मौजूद रहे। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में कांग्रेस नेता बंटी चौधरी ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और पार्टी प्रभारी कृष्णा अल्लावरू पर टिकट बेचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महागठबंधन टूटने के कगार पर है। इस बार चुनाव में पार्टी दस सीट भी नहीं जीत सकेगी।

---बाइट---

कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने वाले पार्टी प्रवक्ता आनंद माधव ने टिकट बंटवारे में भेदभाव बरतने का आरोप लगाया।

---बाइट---

---

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने महागठबंधन से नाता तोड़कर छह सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। पार्टी के महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी चकाई, धमदाहा, कटोरिया, मनिहारी, जमुई और पीरपैंती सीटों पर अपने उम्मीदवार देगी। उन्होंने बताया कि महागठबंधन की ओर से पार्टी को सीट आवंटित नहीं की गयी, जिस कारण पार्टी ने अलग होकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। जेएमएम जिन सीटों पर चुनाव लड़ेगी वहां दूसरे चरण के तहत ग्यारह नवम्बर को मतदान होना है।

---

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। इस चरण के तहत नामांकन की अंतिम तिथि बीस अक्टूबर तक निर्धारित है। हमारे संवाददाता ने बताया कि आज एनडीए और महागठबंधन के प्रत्याशियों समेत कई अन्य राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों ने पर्चे दाखिल किए।

---रिपोर्ट---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने आज कटिहार से नामांकन पर्चा दाखिल किया। भाजपा से ही स्वीटी सिंह ने किशनगंज से, वीणा देवी ने कोचाधामन से, त्रिविक्रम सिंह ने औरंगाबाद से और कविता पासवान ने कोढ़ा से नामांकन पत्र भरा। जदयू से नामांकन करने वालों में कैमूर से मंत्री जमा खां, अमरपुर से जयंत राज, बरारी से विजय सिंह और कहलगांव से शुभानंद मुकेश शामिल हैं। कांग्रेस के अवधेश सिंह ने वजीरगंज से और मुसब्बिर आलम ने बहादुरगंज से नामांकन किया। नवादा के वारिसलिगंज से राजद प्रत्याशी अनीता कुमारी ने नामांकन पत्र भरा। एआईएमआईएम के गुलाम हसनैन ने ठाकुरगंज से, हम के ललन राम ने कुटुंबा से, जनसुराज के रामबली सिंह ने कुर्था से और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के मोहम्मद कलीमुद्दीन ने बहादुरगंज तथा मिथुन यादव ने नाथनगर से पर्चा दाखिल किया। इधर, जदयू के बागी विधायक गोपाल मंडल ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में गोपालगंज से नामांकन पत्र भरा। समाचार कक्ष से रजनीकांत चौधरी।

---

विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए और महागठबंधन समेत सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि भाजपा की ओर से हरियाणा, त्रिपुरा, ओडिशा और गोवा के मुख्यमंत्रियों ने एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कटिहार और सुपौल के त्रिवेणीगंज में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। श्री सैनी ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार लगातार प्रगति कर रहा है।

———बाइट———

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने अरवल में, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साह ने पश्चिम चंपारण के नरकटियागंज और बगहा में जनसभाओं को संबोधित किया। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन मांझी बांका में और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत मधुबनी में आयोजित चुनावी सभाओं में शामिल हुए। इधर, राजद, कांग्रेस और वाम दलों की ओर से भी चुनाव प्रचार अभियान तेज हो गया है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चौबीस अक्टूबर को विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जासवाल ने बताया कि श्री मोदी विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश के विभिन्न भागों में दस चुनावी सभा को संबांधित करेंगे। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पच्चीस चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे।

———बाइट———

---

भाकपा—माले ने विधानसभा चुनाव के लिए बीस उम्मीदवारों की सूची जारी की है। इनमें पहले चरण के लिए चौदह और दूसरे चरण के लिए छह उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। दूसरे चरण में सिकटा से वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, पिपरा से अनिल कुमार, बलरामपुर से महबूब आलम, काराकाट से अरूण सिंह, अरवल से महानंद सिंह और घोषी से रामबली सिंह यादव को टिकट दिया गया है।

---

राज्य मे आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक बाईस करोड़ बावन लाख रुपये मूल्य की शराब जब्त की गयी है। वहीं, सोलह करोड़ इक्कीस लाख

रुपये मूल्य से अधिक के ड्रग्स और नशीले पदार्थ बरामद किये गये हैं। इसके अलावा पचास करोड़ रुपये नकद, ग्यारह करोड़ अट्ठासी लाख रुपये मूल्य के फ्री बीज और अन्य सामान तथा पांच करोड़ रुपये मूल्य के कीमती धातु जब्त किये गए।

---

आज धनतेरस का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। धनतेरस को धन त्रयोदशी और धनवंतरी जयंती के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन भगवान धन्वंतरी की पूजा अर्चना की जाती है। ऐसी मान्यता है कि आज ही के दिन समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरी अपने हाथ में अमृत कलश लेकर प्रकट हुये थे। इस दिन सोने–चांदी के आभूषण और बर्तन खरीदने का प्रचलन है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि बिहार के लोगों के लिए इस बार दीवाली एक साथ कई सौगात लेकर आ रही है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दीपावली के बाद चौदह नवम्बर को बिहार के लोग एनडीए के विजय की भी दीवाली मनायेंगे।

———बाइट———

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने ग्रामीण कार्य विभाग के इंजीनियर संजीव कुमार के पटना स्थित ठिकाने पर छापेमारी की है। लगभग तेरह घंटे चली छापेमारी के दौरान साढ़े सात लाख रुपये नकद, अठारह लाख रुपये मूल्य के जेवरात और जमीन तथा निवेश के कई कागजात जब्त किये गये। आय से अधिक संपत्ति मामले में ये कार्रवाई की गयी है। इधर, गोपालगंज जिले के थावे थाना क्षेत्र अंतर्गत कबिलासपुर गांव स्थित एक घर में पुलिस ने छापेमारी कर एक करोड़ रुपये बरामद किये हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. छह नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच का काम पूरा। मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र से लोजपा, रामविलास की प्रत्याशी सीमा सिंह का नामांकन रद्द।

02 भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा – अंतर्कलह के कारण महागठबंधन में अब तक नहीं हो सका है सीटों का बंटवारा।

03. दस विधानसभा क्षेत्रों में महागठबंधन के घटक दल एक–दूसरे के खिलाफ चुनाव मैदान में।

04 झारखंड मुक्ति मोर्चा, जेएमएम महागठबंधन से हुआ अलग। छह सीटों पर उम्मीदवार खड़े करने का किया फैसला।

05. और, कांग्रेस में टिकट बंटवारे से नाराज नेताओं ने पार्टी प्रभारी कृष्णा अल्लावरू और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम पर टिकट बेचने का लगाया आरोप।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।